उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 27 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
### ( दिनांक : 17 जून, 2003 )

### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. अल्प सूचित प्रश्न ( देखिये नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद रूद्रप्रयाग, विकास खण्ड ऊखीमठ के अन्तर्गत श्री उत्तराखण्ड विद्यापीठ में राजकीय महाविद्यालय खुलवाने के सम्बन्ध में" श्री मदन सिंह कोट्वाल एवं अन्य निवासीगण, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9. वित्तीय वर्ष 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

....2/....

10. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

11. उत्तरांचल में साहित्य अकादमी स्थापित न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 जून, 2003 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत, शिक्षा मंत्री का वक्तव्य।

12. जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले नगरों की सफाई हेतु सीवर लाइनों की व्यवस्था का निर्माण न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 जून, 2003 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 17 जून, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2003

का प्रथम मंगलवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 27 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925

(दिनांक : 17 जून, 2003)

# नत्थी ( क )

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री काजी निजामुद्दीन
5.6.2003
श्री मदन कौशिक
6.6.2003

**1. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में गन्ने की फसल पर 'बूली एफीड' कीट का भारी प्रकोप हो रहा है? यदि हाँ, तो गन्ने की फसल के उपचार के लिए सरकार कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? — गन्ना विकास

श्री नारायण पाल
7.6.2003

**2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में टैक्सियों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है जिसके कारण सरकार को करोड़ों रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — परिवहन

# नत्थी ( ख )

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल 19.5.2003 | *1. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली रिंगाल बांस की पैदावार लगातार घटने के फलस्वरूप कुटीर उद्योग बंद होने की स्थिति में हैं यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त की पैदावार बढ़ाने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 19.5.2003 | *2. क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा देहरादून महानगर व आस-पास की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है? यदि हाँ, तो अभी तक कितनी भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है? उक्त अधिग्रहण भूमि का प्रयोजन क्या है तथा कहाँ-कहाँ पर कितनी-कितनी भूमि को अधिग्रहित किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार अधिग्रहण से प्रभावित आवासीय प्लॉटों के मालिकों को आवासीय प्लॉट उपलब्ध करायेगी तथा अधिग्रहण की कार्यवाही से प्रभावित कृषकों को नौकरी अथवा वाणिज्यिक प्लॉट उपलब्ध कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो उसका क्या आधार बनाया गया है? | द्वितीय सोम के तारा. 7 में स्था. |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 20.5.2003 | *3. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में वायु प्रदूषण का स्तर कितना है? क्या सरकार जनहित में वायु-प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कोई उपाय कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 20.5.2003 | *4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरयूनदी से धौलादेवी विकास खण्ड (जनपद-अल्मोड़ा) के दन्या सहित निकटवर्ती ग्राम-सभाओं हेतु एक वृहद् पेयजल योजना के निर्माण पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 21.5.2003 | *5. क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार ने लीसा बिक्री एवं आवंटन की नीति बना ली है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? क्या सरकार घाटे में चल रही लीसा फैक्ट्रियों में सुधार हेतु क्या उपाय कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मदन कौशिक 22.5.2003 | *6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में स्वजल परियोजना का प्रारूप क्या है? उक्त योजना हेतु ग्रामों के चयन का आधार क्या है तथा चयन के उपरान्त प्रति गाँव कितनी धनराशि के व्यय का प्रावधान है? | पेयजल |

डा0 नारायण सिंह जंतवाल
23.5.2003

*7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में पूर्व में निर्मित हल्के वाहन मार्गों (एल.वी.आर.) को भारी मोटर मार्गों में परिवर्तित किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री नारायण पाल
28.05.2003

*8. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त

## निदेश संख्या–31 के अन्तर्गत स्थगित

# अतारांकित प्रश्न

श्री कैलाश शर्मा
31.1.2003

1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड लमगड़ा में ढौरा मोतियापाथर मोटर मार्ग के निर्माण में ग्रामीणों की अध्याप्त भूमि का मुआवज़ा प्रभावित ग्रामीणों को दे दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री बलबीर सिंह नेगी
21.2.2003

2. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत क्वींडांग पेयजल योजना कितने वर्ष पूर्व बनाई गई थीं? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना के पाइप सड़ कर नष्ट होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन कर संबंधित गाँवों में जलापूर्ति करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री बलबीर सिंह नेगी
21.2.2003

3. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के चमियाला, श्रीकोट, सिल्यारा व सेन्दुल पेयजल योजना कितने वर्ष पूर्व बनाई गई थी? इस योजना पर कितने स्टैण्ड पोस्ट व कितने प्राइवेट कनैक्शन आवंटित किये गये हैं तथा उक्त योजना से कितने व्यक्तिगत कनैक्शन आवंटित करने की क्षमता थी? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना से संबंधित गाँवों में पेयजल आपूर्ति वांछित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस योजना का पुनर्गठन कर संबंधित गाँवों में जलापूर्ति का प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री बिशन सिंह चुफाल
22.2.2003

4. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मोटर मार्गों में डामर के नवीनीकरण के क्या मानक हैं? क्या जनपद पिथौरागढ़ के सानदेव–चौबाटी मोटर मार्ग में सरकार द्वारा डामर नवीनीकरण किया गया है? यदि हाँ, तो कितना कि0मी0? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.2.2003 | 5. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग में छेमा उछोला, रतनपुर–स्वीलीसेम तथा काण्डई कमोल्डी मोलखाल मोटर मार्ग कब और कितने कि0मी0 स्वीकृत हुये थे? क्या सभी स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण हो चुका है? यदि हाँ तो क्या कारण है कि आज दिन तक इन मोटर मार्गों पर कोई भी वाहन नहीं चल पाया है? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्गों को यथाशीघ्र वाहन चलाये जाने योग्य बनायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.5.2003 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में चिन्यालीसौड़–कोट–बागी हल्का वाहन मार्ग कब स्वीकृत हुआ तथा इस मार्ग हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई एवं अब तक इस मार्ग पर कुल कितना व्यय किया गया? वर्तमान में उक्त मार्ग की प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.5.2003 | 2. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में सुल्याखोल–नौगाँव–गोडर मोटर मार्ग स्वीकृत है? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है एवं वर्तमान में उक्त मार्ग की प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.5.2003 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में कल्याणी–तराकोट मार्ग स्वीकृत है? यदि हाँ, तो कुल कितनी धनराशि स्वीकृत है एवं अब तक इस मार्ग पर कुल कितना व्यय किया गया? वर्तमान में उक्त मार्ग की प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.5.2003 | 4. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में वणगाँव–चोपड़ा कसलाणा मोटर मार्ग स्वीकृत है? यदि हाँ, तो कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हैएवं अब तक इस मार्ग पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई? वर्तमान में उक्त मार्ग की प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.5.2003 | 5. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत खालसी पेयजल योजना में कार्यादेश विभागीय पंजीकृत ठेकेदार के नाम किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री हरिदास<br>19.5.2003 | 6. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार कलियर शरीफ के मेले को सरकारी मेला घोषित करने की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय शुक्र के अता.26 में स्था. |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>19.5.2003 | 7. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के रूड़की शहर में सीवरेज़ ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाये जाने की किसी योजना पर शासन स्तर से कोई विचार हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.5.2003 | 8. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड यमकेश्वर, विकास खण्ड द्वारीखाल एवं विकास खण्ड दुगड्डा में खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के पद विगत लम्बे समय से रिक्त चल रहे हैं? क्या इन पदों पर तैनातियाँ शीघ्र की जायेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.5.2003 | 9. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री हरिदास<br>20.5.2003 | 10. क्या पेयजल मंत्री को ज्ञात है कि देहरादून में विस्थापितों की काँवली रोड स्थित एम.डी.डी.ए. कालोनी में व्यवसायिक दृष्टि से आवंटित भवनों में आवंटियों द्वारा घरेलू जल कनैक्शन लेकर सरकार को लाखों रूपये की क्षति पहुँचाई जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस पर कोई कार्रवाई करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>20.5.2003 | 11. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगी कि नैनीताल स्थित ''राज्य अतिथि गृह'' (नैनीताल क्लब) के मैनुअल पी.ए.बी.एक्स. (एक्सचेंज) के स्थान पर इलैक्ट्रॉनिक पी.ए.बी.एक्स. (एक्सचेंज) स्थापित कर सरकार इसके सुधार पर भी विचार कर रही है? यदि हाँ, तो सुधार कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री अजय भट्ट<br>20.5.2003 | 12. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि अल्मोड़े जिले के जालली, मजखाली एवं मछोड़ को विकास खण्ड बनाये जाने हेतु लम्बे समय से क्षेत्रीय जनता द्वारा माँग की जा रही है? यदि हाँ, तो मजखाली, जालली एवं मछोड़ को विकास खण्ड का दर्जा दिये जाने हेतु कोई प्रकरण शासन के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>20.5.2003 | 13. क्या पर्यावरण मंत्री को जानकारी है कि जनपद देहरादून के मोथरोवाला गाँव से बिंदाल व रिस्पना नदी के संगम से बनने वाली सुसवा नदी का जल प्रदूषित हो चुका है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार द्वारा सुसवा नदी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए कोई कार्ययोजना बनायी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री मदन कौशिक<br>20.5.2003 | 14. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल जल संस्थान में ठेके पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा उन्हें कितने रूपये प्रतिदिन भुगतान किया जाता रहा है? क्या सरकार ठेके पर रखे गये इन दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी करने पर विचार कर रही है, यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.5.2003 | 15. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ प्रखण्ड के प्रत्येक ग्राम-गडवालगाड़, खालसी, बगोड़ी, अदनी और रौन्तल की जनसंख्या क्या है? क्या उक्त गाँवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मास्टर प्लान के अन्तर्गत जोड़ दिया गया है? यदि नहीं, तो उक्त गाँवों को सड़क मार्ग से कब तक जोड़ दिया जायेगा? | ग्राम्य विकास |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>20.5.2003 | 16. क्या नगर विकास मंत्री को ज्ञात है कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों की अत्याधिक कमी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस कमी को पूरा करने के लिए शीघ्र नई नियुक्तियाँ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | नगर विकास |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>20.5.2003 | 17. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि ग्रामसभा बेदूली विकास खण्ड द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा में 18 सितम्बर, 2001 को साढ़े पाँच वर्ष के एक बच्चे को बाघ द्वारा मार दिया गया था? यदि हाँ, तो वनविभाग द्वारा उक्त बच्चे के परिवार को मुआवज़े का भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>21.5.2003 | 18. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल ''झील परिक्षेत्र विकास क्षेत्र प्राधिकरण'' से जनता को हो रही दिक्कतों को दृष्टिगत रखते हुए सरकार प्राधिकरण को समाप्त करने या उसके नियमों में शिथिलीकरण करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोम के अता. 1 में स्था. |
| श्री मदन कौशिक<br>21.5.2003 | 19. क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के प्रत्येक जनपद में जिला पुस्तकालय है? यदि हाँ, तो उसकी व्यवस्था किस विभाग को दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम गुरू के अता. 27 में स्थानांतरण के फलस्वरूप उत्तरि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.5.2003 | 20. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कार्यरत दैनिक वन कर्मियों को पूर्व प्रथानुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर विनियमितीकरण वरिष्ठता सूची के आधार पर किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>21.5.2003 | 21. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है? यदि हाँ, तो इन मोटर मार्गों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाने के लिए सरकार कोई कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>21.5.2003 | 22. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में मयाली रणधार (बांगर) तथा तिलवाड़ा सौराखाल मोटर मार्गों का डामरीकरण वर्षों से क्यों नहीं हो पाया है? क्या सरकार दोनों मोटर मार्गों का डामरीकरण जनहित में शीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मदन कौशिक<br>21.5.2003 | 23. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों हेतु सरकार द्वारा मकान बनवाने की कोई व्यवस्था है? यदि हाँ, तो प्रत्येक परिवार को कितनी धनराशि दी जाती है? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.5.2003 | 24. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में नन्दप्रयाग-घाट मोटर मार्ग के आबादी क्षेत्र में पेयजल हेतु हैंडपम्प लगाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? | पेयजल |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>22.5.2003 | 25. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि 5 सितम्बर, 1997 को उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री कु0 मायावती ने अल्मोड़ा जिला मुख्यालय की एक आम सभा में जनपद अल्मोड़ा के ताड़ीखेत, भिकियासैंण एवं द्वाराहाट विकास खण्डों के कुछ भागों को मिलाकर जालली विकास खण्ड निर्माण की सार्वजनिक घोषणा की थी? यदि हाँ, तो क्या सरकार जालली विकास खण्ड के निर्माण पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22.5.2003 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्षों पूर्व बनी सड़कों पर वर्षा एवं भू-स्खलन के कारण पड़े मलबे से प्रत्येक जनपद में कई सड़कें यातायात के लिए नहीं खुल पा रही हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार विशेष बजट की व्यवस्था कर उक्त मोटर मार्गों को खुलवाने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>23.5.2003 | 27. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनी झील पर बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करने के लिए वाल्दियाखान-खुर्पाताल बाईपास निर्माण करने पर सरकार कब तक अन्तिम निर्णय कर लेगी? यदि हाँ, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>23.5.2003 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नैनीताल में कालाढूँगी नैनीताल मार्ग अत्यंत जीर्ण–शीर्ण स्थिति में होने के कारण पर्यटकों को आने–जाने में काफी असुविधा हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त जीर्ण–शीर्ण मोटर मार्ग को अविलम्ब ठीक करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>23.5.2003 | 29. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास भवन भीमताल, जनपद नैनीताल का निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.5.2003 | 30. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के दिव्यविहार राजीवनगर डांडा में विभाग द्वारा पेयजल लाईन बिछायी जा रही थी? यदि हाँ, तो एक निश्चित स्थान तक पाइप लाइन बिछाये जाने के फलस्वरूप आगे का कार्य किन कारणों से बन्द कर दिया गया है? क्या सरकार पेयजल की गम्भीर समस्या को देखते हुए उक्त कालोनी में उन अधूरी पेयजल लाइन को शीघ्र बिछायेगी तथा दोषी अभियंता के कार्यों की जाँच कर कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.5.2003 | 31. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के साटीगाड़–गातू व भड़कोट–रौत्तल हल्का वाहन मार्ग की जाँच के आदेश दिये गये थे? यदि हाँ, तो क्या उक्त की जाँच हो चुकी है? तथा जाँच आख्या सदन के पटल पर रखते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>23.5.2003 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सड़कों, पुलों मरम्मत/निर्माण कार्य हेतु क्या सरकार विश्व बैंक से आर्थिक सहायता माँगने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो प्रत्येक जनपद में कितनी सड़कें एवं पुलों का निर्माण/मरम्मत कार्य करवायेगी? | लोक निर्माण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>24.5.2003 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा बनायी गई सड़कों की गुणवत्ता की जाँच किस प्रकार की जाती है? क्या प्रदेश में कोई स्वतंत्र इकाई भी स्थित है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>24.5.2003 | 34. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पौड़ी गढ़वाल की ग्राम सभा जोंक (लक्ष्मणझूला, स्वर्णाश्रम) ग्राम सभा सतपूली, ग्राम सभा गूम (पौखाल) को नगर पंचायत या नगर परिषद बनाये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>24.5.2003 | 35. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में ग्राम्य विकास के निर्माण कार्यों में महिला मंगल दल एवं युवक मंगल दल की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>24.5.2003 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि भीमताल व भवाली (जनपद नैनीताल) नगरों की बढ़ती जनसंख्या एवं वाहनों के बढ़ते दबाव को दृष्टिगत रखते हुए सरकार वहाँ बाई–पास सड़क निर्मित किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>24.5.2003 | 37. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के अन्तर्गत मटई एवं पगना गाँव की आबादी वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार एक हजार थी? यदि हाँ, तो उक्त दोनों गाँवों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जोड़ने के लिए क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>24.5.2003 | 38. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में कुल कितनी पेयजल लाइनें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हैं तथा कितनी लाइनों में शासन द्वारा पुनर्गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है तथा कुल कितनी योजनाओं के पुनर्गठन के प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24.5.2003 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षों पूर्व बनी सड़कों का डामरीकरण नहीं हो पा रहा है? क्या सरकार इन कच्ची सड़कों को पक्का करने के लिए कोई ठोस योजना बनाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26.5.2003 | 40. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री मदन कौशिक<br>26.5.2003 | 41. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में म्यू0 बोर्ड कर्मचारी यूनियन भवन के साथ वाली भूमि पर पंजाब नेशनल बैंक था जो वर्तमान में अन्य स्थान पर स्थापित हो गया है? यदि हाँ, तो उक्त बैंक से नगरपालिका को प्रत्येक वर्ष कितना किराया प्राप्त होता था? वर्तमान में उस खाली बैंक की बिल्डिंग एवं छत का प्रयोग किस रूप में किया जा रहा है? | नगर विकास |
| श्री तसलीम अहमद<br>26.5.2003 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढांग (हरिद्वार) के अन्तर्गत वर्ष 2001–2002 के सड़क निर्माण से संबंधित कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद<br>26.5.2003 | 43. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार नगर पालिका से सब्जी मण्डी, ज्वालापुर सराय, बहादरपुर जट, पथरी रेलवे स्टेशन से होता हुआ धनपुरा में लक्सर रोड से मिलने वाले 10 कि0मी0 मार्ग को कुम्भ योजना के अन्तर्गत बनाये जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तसलीम अहमद<br>26.5.2003 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुम्भमेला, 2004 के अन्तर्गत किन-किन सड़क मार्गों का निर्माण किया जा रहा है? क्या सरकार हरिद्वार-नजीबाबाद हाई-वे पर स्थित गैंडीखाता से लालढांग तक मात्र 13 कि0मी0 सड़क को कुम्भ मेले के अन्तर्गत बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.5.2003 | 45. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उप वन संरक्षक टिहरी डैम वन प्रभाग द्वितीय उत्तरकाशी व दैनिक वन कर्मचारियों के मध्य समझौते के अनुरूप दि0 12.8.02 तक वेतन का अवशेष भुगतान किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27.5.2003 | 46. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद चमोली में कुल कितने वन चेतना केन्द्र विगत वर्ष में खोले गये? इन वन चेतना केन्द्रों को खोलने का क्या मानक रखा गया है? क्या सरकार वनभूमि के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी वन चेतना केन्द्र खोलेगी? | वन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27.5.2003 | 47. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद चमोली में विकास खण्ड पोखरी में क्वेटी गाँव को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पोखरी पेयजल पुनर्गठन योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इसके लिए कोई धनराशि अवमुक्त की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मदन कौशिक<br>27.05.2003 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार स्थित राष्ट्रीय राज मार्ग 58 पर कार्य करने वाले कर्मचारियो को किस आधार पर रखा गया है तथा उनकी संख्या कितनी है ? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>27.05.2003. | 49. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि द्वाराहाट विकासखण्ड अन्तर्गत असगोली में राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय के मुख्य भवन, परिवार कल्याण उपकेन्द्र का निर्माण प्रकल्पशाखा, उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवम् निर्माण निगम रानीखेत द्वारा करवाया जा रहा है? यदि हाँ, तो इन भवनों का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त निर्माण कार्य निविदा पद्धति से करवाया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय शुक्र के अता.34 में स्था. |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.05.2003 | 50. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में धरासू चमियारी एवं धरास्यूँ दिकोली रौन्तल हल्का वाहन मोटर मार्ग कब स्वीकृत हुए तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थीं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अब तक उक्त मोटर मार्गों पर कुल कितना व्यय किया जा चुका है तथा इन मार्गो की वर्तमान प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.05.2003 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में भडकोट रौन्तल बगोडी एवं बडेथी कान्धला हल्का वाहन मार्ग कब स्वीकृत हुए थे तथा इन मार्गो हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थीं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन मार्गो पर अब तक कुल कितना धन व्यय किया जा चुका है तथा वर्तमान प्रगति क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री मदन कौशिक<br>28.05.2003 | 52. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा अभी तक कितनी दुकानों का निर्माण तथा आवंटन किया गया है? शेष दुकानों का आंवटन कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोम के अता. 4 में स्था. |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.05.2003 | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के गांव टिपरी (बिष्ट) से कण्डारखाला तक सड़क का निर्माण किया जा चुका है? यदि हाँ, तो प्रभावित काश्तकारों की जमीन का प्रतिकर विभाग द्वारा वितरित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों तथा सड़क मार्ग यातायात हेतु कब तक खोल दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.05.2003 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के सिलक्यारा वणगांव चापडा सरोट मोटरमार्ग का निर्माण कब तक पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.05.2003 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद टिहरी व उत्तरकाशी के मध्य विकासखण्ड थौलधार के ग्राम कटखेत (चापडा) से विकास खण्ड थत्यूड़ (जौनपुर) के पट्टी पालीगाड के ग्राम मोलधार व बंगसील तक मोटरमार्ग निर्माण प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.5.2003 | 56. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के राजकीय इण्टर कॉलेज सिलोंगी में विगत कई वर्षों से निर्मित मिनी आई. टी.आई. भवन में तकनीकी शिक्षा की कक्षाऐं प्रारम्भ न होने के क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा वर्तमान शिक्षा सत्र में वहाँ तकनीकी शिक्षा की कक्षाऐं प्रारम्भ की जायेगी तथा क्या व्यवसायिक शिक्षा को भी एक विषय के रूप में लेने का प्रकरण विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |